

गुफा मंदिर प्रांगण में विराजे बूढे हनुमान जी

# सांध्य प्रकाश

वर्ष 54/ अंक 213/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 04 मार्च 2025 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in

### चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया कंगारु ने बैटिंग चुनी



## शेर के शावक को दुलारते दिखे मोदी, अनंत अंबानी ने कराई वनतारा की विजिट







**जामनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में जामनगर में स्थित वनतारा वन्यजीव बचाव केंद्र का दौरा किया। अब पीएम मोदी के इस दौरे का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह शेर के शावक को दुलारते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अनंत अंबानी खुद उन्हें वनतारा की विजिट कराते नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी ने वनतारा में अलग-अलग सुविधाओं का जायजा लिया और वन्यजीव अस्पताल का भी दौरा किया। उन्होंने पशु चिकित्सा सुविधाओं को भी देखा। बता दें कि यहां जानवरों के लिए एमआरआई, सीटी स्कैन, आईसीयू और दूसरी कई सुविधाओं हैं। वनतारा में जानवरों के लिए वन्यजीव एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंडोस्कोपी, दंत चिकित्सा, आंतरिक चिकित्सा सहित कई विभाग हैं। वनतारा में पीएम मोदी ने एक बड़ा अजगर, एक अनोखा दो सिर वाला सांप, दो सिर वाला कछुआ, विशाल ऊदबिलाव, बोंगो (मृग) और सील भी देखे। पीएम ने हाथियों को उनके जकूजी में देखा। अपनी विजिट में पीएम मोदी ने एशियाई शेर के शावकों, सफेद शेर के शावकों, क्लाउडेड तेंदुए के शावकों सहित कई जानवरों को दुलार किया। यहां खास बात यह है कि यह सभी दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति के जानवर हैं।

बता दें कि वनतारा मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की पहल है. गुजरात के जामनगर में इसका 3 हजार एकड़ के क्षेत्रफल में इसे बनाया गया है। वनतारा स्टार ऑफ दी फॉरेस्ट के तहत जानवरों को रेस्क्यू कर उनकी देखभाल की जाती है। यह एक तरह से जानवरों के संरक्षण और बचाव का केंद्र है।

### सांध्यप्रकाश विशेष

## जोहांसबर्ग में तैयार हो रहा साउथ पोल का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर

**जोहांसबर्ग।** अबूधाबी के बाद बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) अब दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में साउथ पोल का सबसे बड़ा मंदिर बना रहा है। यह मंदिर जोहांसबर्ग के सबसे व्यस्त और खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में 37,000 वर्ग मीटर में तैयार किया जा रहा है। बीएपीएस के अनुसार मंदिर और सांस्कृतिक परिसर के निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है और अगले तीन साल में यानि 2027 तक इसे तैयार कर लिया जाएगा। यह दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। बीएपीएस दक्षिण अफ्रीका के प्रवक्ता हेमांग देसाई ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछली दक्षिण अफ्रीका यात्रा में इस मंदिर की परियोजना का अनावरण किया था । हमें यकीन है कि इस साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले जी20 (22 और 23 नवंबर) सम्मेलन के दौरान वह फिर यहां आयेंगे। बीएपीएस हिंदू मंदिर और सांस्कृतिक परिसर दक्षिण अफ्रीकी भारतीय समुदाय के लचीलेपन और समर्पण का प्रमाण होगा जिसने गिरमिटिया श्रम और रंगभेद की प्रतिकूलताओं का सामना किया है। यह दक्षिण अफ्रीका में उनके स्थायी योगदान की बानगी देगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक धरोहर होगा। उन्होंने बताया कि 14.5 एकड़ में शहर के सबसे खूबसूरत इलाके में बन रहे इस मंदिर में बड़ा सभा हॉल, बैंक्वेट हॉल, सात्विक भोजन के लिये शायोना रेस्तरां, मंदिर हॉल और विभिन्न गतिविधियों के लिये 20 कमरे होंगे । उन्होंने कहा , 33000 वर्गमीटर में फैली हवेली का काम पूरा हो चुका है । मंदिर की नींव का काम हो गया है और तीन साल में मंदिर तैयार हो जायेगा । हमने भारत में जयपुर, तिरूपति समेत विभिन्न शहरों से भगवान स्वामी नारायण, उनके शिष्य अक्षर पुरूषोत्तम, राधाकृष्ण, सीताराम, शंकर पार्वती, गणपति जी, तिरूपति बालाजी, हनुमानजी, कार्तिक मुरूगन स्वामी की मूर्तियां लाकर प्राण प्रतिष्ठा कर दी है ।



## धनंजय मुंडे ने छोड़ा मंत्री पद, सीएम फडणवीस को सौंपा इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने मंगलवार को महाराष्ट्र कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। उनके सहयोगी वाल्मिक कराड को सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में आरोपी बनाए जाने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंडे को मंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए कहा था। इस्तीफे की खबर पर फडणवीस ने कहा कि मुंडे ने इस्तीफा मुझे सौंप दिया है। इस्तीफा मंजूर करके आगे की कार्रवाई के लिए उसे राज्यपाल को भेज दिया है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार रात को फडणवीस से मुलाकात की और देशमुख हत्या मामले में अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) की ओर से दायर आरोपपत्र और दो अन्य संबंधित मामलों के नतीजों पर चर्चा की, जिनमें कराड को आरोपी नंबर एक बनाया गया है। बीड के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख को पिछले साल नौ दिसंबर को कथित तौर पर जिले में एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली के प्रयास को रोकने की कोशिश करने पर अगवा कर लिया गया था। उन्हें प्रताड़ित भी किया गया था और बाद में उनकी हत्या कर दी गई थी। सीआईडी ने 27 फरवरी को देशमुख की हत्या और दो संबंधित मामलों में बीड जिले की एक अदालत में 1,200 से अधिक पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। सरपंच की हत्या, अवाडा कंपनी से पैसे ऐंठने की कोशिश और कंपनी के सुरक्षा गार्ड पर हमला करने के तीन अलग-अलग मामले बीड के केज थाने में दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उन पर मकोका के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक आरोपी अब भी फरार है।



## जेलेंस्की से बहस के बाद अमेरिका ने रोकी यूक्रेन की सैन्य सहायता

**वॉशिंगटन।** पिछले सप्ताह के व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बहस के बाद अमेरिका ने बड़ा कदम उठाया है। अमेरिका ने यूक्रेन की सैन्य सहायता रोक दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन की सहायता रोक रहा है और इसकी समीक्षा कर रहा है। यह रोक तब तक रहेगी जब तक ट्रंप यह तय नहीं कर लेते कि यूक्रेन के नेता शांति के प्रति सद्भावनापूर्ण प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। यह सहायता की स्थायी समाप्ति नहीं है। यह एक ठहराव है। आदेश के तहत सभी अमेरिकी सैन्य उपकरण जो यूक्रेन में नहीं हैं, उन्हें रोक दिया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रक्षा सचिव पीट हेगसेथ को सहायता विराम लागू करने का आदेश दिया। बताया जा रहा है कि ट्रंप रूस के साथ चल रहे युद्ध को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए यूक्रेन पर दबाव बनाना चाहते हैं। वह चाहते हैं कि जेलेंस्की भी इसमें उनका साथ दें। मगर जेलेंस्की युद्ध समाप्त करने के लिए सुरक्षा की गारंटी मांग रहे हैं। इससे पहले जब जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ युद्ध समाप्ति का समझौता करने का समय अभी नहीं है। तो ट्रंप ने इसे यूक्रेनी नेता का सबसे खराब बयान बताया था। ट्रंप ने कहा था कि जेलेंस्की के इस बयान को अमेरिका अधिक समय तक बर्दाश्त नहीं करेगा।



## 9 महीनों के सबसे खराब स्तर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी के बुरे हाल

**मुंबई।** शेयर बाजार में मंगलवार को एक बार फिर से मायूसी का माहौल छाया रहा। प्रमुख सूचकांकों में गिरावट देखने को मिली, जिसमें आईटी सेक्टर के शेयरों में करीब 1 प्रतिशत की टूट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 347.07 अंकों की कमी के साथ 72,738.87 के स्तर पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 109.85 अंकों की गिरावट के साथ 22,009.45 पर कारोबार करता नजर आया। इस दौरान सेंसेक्स पिछले नौ महीनों के बाद अपने सबसे निचले स्तर तक लुढ़क गया। मंगलवार के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी क्षेत्र के शेयरों पर खासा दबाव देखा गया। बाजार विश्लेषकों के मुताबिक, यह गिरावट पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने अपनी प्रस्तावित टैरिफ नीति को लागू करने की बात दोहराई। इसके चलते एशियाई बाजारों में कमजोरी देखी गई, जिसका सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ा।





### मोहन यादव कैबिनेट में किसानों के हित में बड़ा फैसला

# जमीनों के सीमांकन, बंटाकन के लिए 138 करोड़ मंजूर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार (4 मार्च) को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। लोबल इंवेस्टर्स समिट के बाद इस बैठक में मुख्यमंत्री मंत्रियों को समिट के प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए लगातार फॉलोअप करने और विभाग प्रमुखों के साथ रिव्यू करने का निर्देश दिए।



### इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

- जय गंगा जल संवर्धन अभियान
- 30 मार्च से 30 जून तक आयोजित होगा अभियान
- पूरे प्रदेश की वाटरबॉडी का संवर्धन करना और पानी को संभालना इसका मुख्य उद्देश्य
- वाटर रिचार्जिंग के लिए लोगों को प्रोत्साहित करेंगे
- किसानों के सीमांकन-बंटाकन को डिजिटल किया जाएगा
- डिजिटलाइजेशन के प्रस्वाव को मिली मंजूरी
- 138.41 करोड़ का प्रावधान किया गया
- इसके लिए निविदा आयोजित करेगी सरकार
- पूरे प्रदेश के किसानों की जमीनों का डेटा कलेक्शन करेंगे
- आंगनबाड़ी के सभी कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देगी सरकार
- छोटे बच्चों को सामान्य ज्ञान देना, शिक्षा के प्रति उनकी रूचि पैदा करना, इन सभी के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर उनका एक दृष्टिकोण बनाएंगे।
- बच्चों का किस तरह विकास हो, इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी
- पांढुर्ना जिले जिले के लिए वन विभाग का नया मंडल मंजूर
- नवीनीयकरण में 5.72 लाख करोड़
- खनन और खनिज विभागों में 3.22 लाख करोड़
- शहरी विकास में 1.97 लाख करोड़
- ऊर्जा विभाग में 1.74 लाख करोड़ के प्रस्ताव पास
- हर हफ्ते अपने अपने विभाग की समीक्षा करेंगे सारे विभागों के प्रमुख सचिव
- मुख्य सचिव एक महीने और सीएम मोहन यादव दो महीने में इसकी समीक्षा करेंगे

## प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम से बनाए जाएंगे द्वार : मुख्यमंत्री





राजधानी भोपाल के लिए सीएम मोहन यादव ने बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि, राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम से द्वार बनाए जाएंगे। सीएम मोहन यादव ने मंगलवार को कहा कि भोपाल समेत मध्यप्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि गौरवशाली अतीत को जन-जन तक पहुंचाते हुए, राजधानी के सभी प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम से द्वार बनाएं जाएंगे। सरकार का यह निर्णय प्रदेश की विरासत को संरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते के लिए महत्वपूर्ण है। इससे भोपाल की ऐतिहासिक पहचान को मजबूती मिलेगी और नई पीढ़ी को अपनी परंपरा के बारे में जानकारी रहेगी।

हमारे वीर शासक हमारे देश की पहचान रहे हैं। सम्राट विक्रमादित्य ने 2100 साल पहले शासन किया और न्याय, वीरता, ज्ञान, दान और धैर्य के आदर्श स्थापित किए। उनके 1000 साल बाद, राजा भोज भी अपने तरीके से अभूतपूर्व शासक थे। भोपाल का अस्तित्व उन्हीं की देन है... हम अपनी राजधानी के मुख्य प्रवेश द्वारों का नाम ऐसे महान शासकों के नाम पर रखेंगे।

### भोपाल में विद्याभारती के अभ्यास वर्ग की शुरुआत

## मोहन भागवत ने किया उद्घाटन देश भर के 700 पूर्णकालिकों का 5 दिन तक प्रशिक्षण

**भोपाल।** शारदा विहार शैक्षिक संस्थान में विद्या भारती का अभ्यास वर्ग शुरू हो गया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ मोहन भागवत ने इस अभ्यास वर्ग का उद्घाटन किया। अभ्यास वर्ग में देश भर के 700 से ज्यादा पूर्ण कालिक कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।








**5 दिन तक चलेगा अभ्यास वर्ग–** केरवा डैम रोड स्थित शारदा विहार में 5 दिन चलने वाले अभ्यास वर्ग में एनसीईआरटी, सीबीएसई डायरेक्टर, भाषा भारती अध्यक्ष सहित शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और विशेषज्ञ सत्रों में शामिल होंगे। पूरे अभ्यास वर्ग में कुल 22 सत्र होंगे।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप टेक्नोलॉजी पर फोकस–** विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष रामकृष्ण राव ने बताया विद्या भारती के करीब 22 हजार औपचारिक और अनौपचारिक विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में शैक्षणिक, प्रबंधन और तमाम कामों को करने वाले 700 से ज्यादा पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को अभ्यास वर्ग में प्रशिक्षित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि देश के सभी जिलों में एक अच्छा स्किल डेवलपमेंट सेंटर तैयार हो। कल्पना यही है कि स्किलिंग बाय स्कूलिंग यानि शिक्षा के साथ निपुणता की व्यवस्था हो। अपडेटेड नॉलेज से समृद्ध बने। इस दृष्टि से हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप टेक्नोलॉजी में हमारे शिक्षक गण दक्ष हों। हमारे पास 1 लाख 6 हजार आचार्य हैं। उनको सशक्त करने के लिए यह अभ्यास वर्ग चला रहे हैं। वर्ग में कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर सामाजिक परिवर्तन के प्रयासों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे।

## होली के बाद भाजपा को मिलेगा नया अध्यक्ष? दो महिला नेता रेस में सबसे आगे

**नई दिल्ली। भारतीय** जनता पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चर्चाएं और अटकलों का बाजार गर्म हैं। वर्तमान बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के स्थान पर कौन नया अध्यक्ष बनेगा, इस पर अटकलें जारी हैं। अटकलों के अनुसार, भाजपा 15-16 मार्च तक नए अध्यक्ष का ऐलान कर सकती है, लेकिन इसके लिए पार्टी के अधिकांश राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे होने जरूरी हैं। पार्टी के सूत्रों के अनुसार, जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी का चुनाव पार्टी में सभी के सहमति से किया जाएगा।





**ये दो महिला नेता रेस में–** अगर बीजेपी दक्षिण भारत से किसी नेता को अध्यक्ष बनाती है, तो दग्गुबाती पुरंदेश्वरी और वनती श्रीनिवासन प्रमुख दावेदार हैं। पुरंदेश्वरी आंध्र प्रदेश बीजेपी की प्रमुख हैं और उन्हें दक्षिण की सुषमा स्वराज कहा जाता है। उनकी वाकपटुता और पांच भाषाओं का ज्ञान उन्हें खास बनाता है। वनती श्रीनिवासन, जो कि कोयंबटूर से विधायक और बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, तमिलनाडु में कई सफल कार्यक्रम चला चुकी हैं।

## 5 बड़े कारोबारियों पर आईटी रेड, 50 गाड़ियों से पहुंची टीम, छत के रास्ते घर में घुसी

**सतना।** आयकर विभाग ने एक साथ पांच बड़े कारोबारियों के घर और दफ्तरों पर छापेमारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विभाग की टीम मंगलवार सुबह करीब छह बजे 50 गाड़ियों के काफिले के साथ विभिन्न ठिकानों पर पहुंची। इस कार्रवाई में रामा ग्रुप के रामकुमार, सुरेश कुमार और नरेश गोयल, सेनानी ग्रुप के सुनील सेनानी, सिविल कॉन्ट्रेक्टर अतुल मेहरोत्रा, फ्लोर मिल के मालिक संतोष गुप्ता और हुंडी कारोबारी व रिसॉर्ट मालिक सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू के परिसरों की गहन तलाशी ली जा रही है। जब आयकर अधिकारी सीताराम अग्रवाल के गोशाला चौक स्थित घर पर पहुंचे, तो उन्होंने दरवाजे बंद कर लिए। स्थिति को देखते हुए अफसरों ने सीढ़ी का सहारा लिया और छत के रास्ते घर में दाखिल होकर कार्रवाई शुरू की। फिलहाल जांच टीम संबंधित दस्तावेज और संपत्ति के ब्यौरे खंगालने में जुटी हुई है।



### भोपाल, इंदौर और जबलपुर के अधिकारी कर रहे जांच

आयकर विभाग की इस बड़ी कार्रवाई में भोपाल, इंदौर और जबलपुर के अधिकारी भी शामिल हैं। हालांकि, विभाग के अधिकारियों ने अभी तक किसी भी जानकारी को साझा करने से इनकार किया है। रीवा संभाग में इसे अब तक की सबसे बड़ी जांच मानी जा रही है।

### कार्रवाई के केंद्र रामा ग्रुप के नरेश गोयल

इस पूरी कार्रवाई का केंद्र रामा ग्रुप के नरेश गोयल को माना जा रहा है। नरेश गोयल की सतना के सितपुरा और उत्तराखंड में प्लाईवुड फैक्ट्री के अलावा रायपुर में टीएमटी सरिया का प्लांट भी है। उनके साथ जुड़े अन्य कारोबारी भी इस जांच के दायरे में आए हैं, जिन्हें उनके व्यावसायिक साझेदार बताया जा रहा है। अधिकारी इन परिसरों में गहन तलाशी लेकर संभावित अनियमितताओं की जांच कर रहे हैं।

### इन पर हो रही कार्रवाई

आयकर विभाग की कार्रवाई के तहत कई प्रमुख कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। इस जांच में रामा ग्रुप के राम कुमार, सुरेश कुमार और नरेश गोयल, सेनानी ग्रुप के सुनील सेनानी, सिविल कॉन्ट्रेक्टर अतुल मेहरोत्रा, फ्लोर मिल मालिक संतोष गुप्ता और हुंडी कारोबारी व रिसॉर्ट मालिक सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू शामिल हैं।

# निर्माण कार्यों में विलंब नहीं करें, कोई कठिनाई हो तो मुझे अवगत कराएं: राज्यमंत्री कृष्णा गौर

### गोविंदपुरा क्षेत्र की निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने एम.जी.एम. विद्यालय से खजूरी वायपास मार्ग निर्माण में हो रहे विलंब पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण के दौरान कोई कठिनाई अथवा समस्या हो तो उन्हें अवगत कराएं। सड़क निर्माण में देरी नहीं करें। लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जे.के. रोड निर्माण का पूरा कार्य मार्च 2025 अंत तक पूरा करना सुनिश्चित करें। जे.के. रोड का लोकार्पण अप्रेल 2025 के प्रथम सप्ताह में होगा। पिपलानी से खजूरी कलां वायपास निर्माण के कार्य को 30 अप्रैल 2025 तक पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही आनंद नगर से यातायात नगर की सड़क के निर्माण को भी इसी वर्ष वर्षाकाल के पहले पूरा किया जाए। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने मंत्रालय में गोविन्दपुरा क्षेत्र की निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की समीक्षा की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने आशिमा मॉल से वावड़िया कला नवीन ब्रिज निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की



कार्यवाही एक माह में पूरी करने के लिए कहा। गोविन्दपुरा क्षेत्र में एम.जी.एम. विद्यालय से खजूरी बायपास सड़क निर्माण में विलंब होने पर राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने सहायक यंत्री राजेन्द्र चौधरी से कार्य का प्रभार वापिस लेने के निर्देश मुख्य अभियंता संजय मस्के को दिए। उन्होंने महात्मा गाँधी सी.एम. राइज स्कूल की निर्माण ऐजेन्सी को जून अंत तक क्लास रूम निर्माण का कार्य पूरा करने और विद्यालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता संजय मस्के, एसडीएम एल.के. खरे, पार्षद व्ही शक्ति राव, शिरोमणी शर्मा, मधु शिवनानी, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण यंत्री अवनिंद्र सिंह कार्यपालन यंत्री की जावेद शकील, आर.एस. परते एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाद योग अभ्यास से श्रवण शक्ति को बढ़ाया जा सकता है: योग गुरु महेश अग्रवाल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि पूरे विश्व में 3 मार्च को श्रवण दिवस मनाया जाता है इसका उद्देश्य लोगों को बहरेपन की समस्या के कारण और उसके निवारण के प्रति जागरूक बनाना और सचेत करना है जिससे वह इस खतरे से बच सकें।

योग गुरु अग्रवाल ने इस अवसर पर बताया कि दोनों कानों के छिद्रों को तर्जनी और अनामिका उंगलियों से साफ करें। इसका प्रतिदिन अभ्यास करने से नाद या आंतरिक ध्वनि सुनी जा सकती है। बाहरी कान की संरचना शंख की तरह होती है। बाहरी कान से एक ट्यूब या नहर कान के आंतरिक हिस्सों तक जाती है, जो अंतत: मस्तिष्क से जुड़ती है। यह नहर लगभग चार सेंटीमीटर लंबी है। यह महीन बालों से सुसज्जित होता है और इसमें ग्रंथियाँ होती हैं जो मोम का उत्पादन करती हैं। कान में प्रवेश करने वाले बाहरी कण महीन बालों में फंस जाते हैं और मोम में फंस जाते हैं, जिन्हें बाद में साफ किया जा सकता है। इस विशेष व्यवस्था से कानों के आंतरिक श्रवण तंत्र की रक्षा होती है। कान की नलियों को साफ करने के कई आधुनिक तरीके मौजूद हैं। कई कंपनियाँ कॉटन बड्स (प्लास्टिक स्टिक के सिरे पर लगी कपास) बेचती हैं। हालांकि योग के अनुसार सफाई उंगली से करनी चाहिए। प्लास्टिक की तीलियाँ और माचिस की तीलियाँ बहुत पतली होती हैं। योग और आधुनिक चिकित्सा के अनुसार, ऐसी वस्तुओं को कानों में डालना अनावश्यक और संभावित रूप से हानिकारक दोनों है। अगर ये गलती से ज्यादा अंदर चले जाएं तो कान के परदे को नुकसान पहुंच सकता है। हालाँकि, एक उंगली इतनी गहराई तक नहीं जाएगी कि इतना नुकसान हो सके। कभी-कभी अत्यधिक मोम उत्पन्न हो जाता है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वॉकथॉन का आयोजन

**भोपाल।** स्टेट नोडल प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी, ऑन्कोलॉजी एवं इनफर्टिलिटी और सेंटर प्रभारी, काटजू अस्पताल, भोपाल डॉ. रचना दुबे ने बताया कि महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और उन्हें निवारक चिकित्सा एवं प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डॉ. कैलाशनाथ काटजू शासकीय महिला अस्पताल, भोपाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वॉक फॉर हेल्थ, वॉक फ़ॉर अवेयरनेस थीम पर विशेष वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सचेत बनाने के साथ-साथ कैलाशनाथ कटजू सिविल अस्पताल में नव स्थापित स्टेट ऑफ़ आर्ट प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी और इनफर्टिलिटी सेंटर की सेवाओं के प्रति जागरूक कराने के लिए किया जा रहा है।

## डॉक्टर नीना छिब्बर के लघुकविता काव्य संग्रह....एक टुकड़ा धूप को साहित्य श्री सम्मान



**भोपाल।** हिन्दी लेखिका संघ भोपाल का 30 वां वार्षिक कृति एवं पुरस्कार सम्मान समारोह हिन्दी भवन में भव्यता से संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता निर्मला भूरिया महिला एवं बालविकास म.प्र. शासन, मुख्य अतिथि श्रीमान संतोष चौबे कुलाधिपति, रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश श्रीवास्तव, सारस्वत अतिथि डॉ आरती दुबे ने की। ऐसे सारस्वत आयोजन में मेरी लघुकविता काव्य कृति एक टुकड़ा धूप को साहित्य श्री पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस संग्रह में 116 लघु कविता हैं। इस सम्मान में शाल, श्रीफल, माला , स्मृति चिन्ह और नकद राशि भी दी गयी।

## सर्जना: साहित्य व संस्कृति में स्त्री स्वर आयोजन में कथाकार सूर्यबाला ने कहा-प्रेम में आत्मसम्मान जरूरी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कहानी लिखना आसान काम नहीं है। कहानी संस्कार देती है। यही संस्कार जीवन में, जगत में सफलता दिलाते हैं। सुदर्शना द्विवेदी की कहानियां जीवन का दस्तावेज हैं।' यह विचार प्रख्यात कथाकार सूर्यबाला ने एसएनडीटी महिला कॉलेज व कथा के संयुक्त आयोजन 'सर्जना = साहित्य व संस्कृति में स्त्री स्वर' के अंतर्गत कथाकार, पत्रकार सुदर्शना द्विवेदी की पुस्तक 'कुछ रंग, कुछ कहानियाँ' पर आयोजित संवाद में व्यक्त किए। इस अलग तरह के आयोजन में छात्राओं की भारी भीड़ रही। सुदर्शना द्विवेदी के व्यक्ति पक्ष व उनकी रचनात्मकता पर बोलते हुए कथाकार, पत्रकार हरीश पाठक ने कहा कि पांच दशक की उनकी रचनात्मकता बेबाकी का वह कालखंड है, जहां सिर्फ और सिर्फ सच खड़ा है। जीवन के कातर क्षणों में उन्होंने मुझे विश्वास के हल्दी चावल दिए हैं। अभिनेत्री, कवयित्री रेखा बब्बल ने उनकी कहानी 'पहेली' का पाठ किया जिस पर कमलेश पाठक, चित्रा देसाई, डॉ रीता दास राम, डॉ अलका अग्रवाल व कई छात्राओं ने सवाल



किए। सभी सवालों का उत्तर देते हुए सुदर्शना द्विवेदी ने कहा कि कोशिश से कहानी तो नहीं लिखी जा सकती। वह भावनाओं के अतिरेक का प्रतिफल है। प्रेम एक उदात्त भावना है। वह किया नहीं जाता, हो जाता है। प्रेम में आत्मसम्मान जरूरी है। प्राचार्य प्रो अदिति सावंत व प्रकुलगुरु प्रो रूबी ओझा ने भी संबोधित किया। संयोजन हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ वंदना शर्मा व 'कथा' के हरीश पाठक ने किया। डॉ हूबनाथ पांडेय, द्विजेन्द्र तिवारी, कुमार पार्थसारथी, सविता मनचंदा, मधु मेहता, सुषमा गुप्ता सहित कला,साहित्य, संस्कृति के कई लोग सभागार में मौजूद थे।

## किडस रागा ने अपने वार्षिक दिवस फैमिली रयथ्म का आयोजन किया




**भोपाल।** किदसरागा ने अपने वार्षिक दिवस आयोजन किया। जिसमें थीम फैमिली रयथ्म थी। जिसने अपने परिवार के प्रति भावुक प्रस्तुतियाँ बच्चों ने दी । मंच पर मम्मी पापा एवम् ग्रैंडपारेंट्स ने भी प्रस्तुतियाँ दी। आयोजन की मनमोहकता ने सबका दिल जीत लिया और सभी नन्हे मुन्नो की परिपक्व प्रस्तुतियों से आश्चर्यचकित थे। किदसरागा एनुअल डे एंड ग्रेजुएशन सेरेमनी के मुख्य अतिथि ओरिएंटल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन के चेयरमैन आदरणीय डॉ प्रवीण ठकराल एवं प्रो चांसलर श्री गौरव ठकराल थे । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ विभांशु जोशी ( बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य ) एवं श्री अनिल कोचर ( जॉइंट कमिश्नर रूरल पंचायत ) थे। कार्यक्रम मे मिसेज़ स्वप्ना अभाले (ओरिएंटल प्रिंसिपल )एवं डॉ विवेक तिवारी जी ने भी अपनी उपस्थिति से प्रोग्राम को प्रोत्साहित दिया।

कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे बच्चों के साथ पैरेंट्स ग्रैंडपरेंट्स उपस्थित रहे एवं एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी जिनमे परिवार , भक्ति , देश भक्ति , प्रांतीय नृत्य पर्यावरण,इत्यादि विषयों पर प्रस्तुतिया दी गई। बच्चों के विदाई नृत्य एवं गीत भी प्रस्तुत किए गए । किदसरागा के स्क्ष्. चद्द के बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी के साथ उन्हें पुरस्कारों से सम्मानित किया गया एवं उनकी भावभीनी विदाई दी गई। मुख्य अतिथि डॉ प्रवीण ठकराल जी ने कार्यक्रम की सराहना की एवं श्री विभांशु जोशी एवंश्री अनिल कोचर जी ने कहा कि हमने यहाँ बच्चों की जो प्रस्तुतियाँ देखी वो बिलकुल अलग और श्रेष्ठ था ।

स्कूल की संस्थापक मिसेज़ वंदना शुक्ला ने सबका आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही हमारे भविष्य हैं और इन्हें इनकी छोटी उम्र मे सार्थक शिखा देना जिनसे सिर्फ़ अकैडमी ही नहीं बल्कि उनका व्यक्तित्व विकास , आत्मविश्वास,सही संस्कार एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने की नींव भी डाली जानी चाहिए। हमे इन बातों पर गंभीर होने की आवश्यकता है। विद्यालय के प्रिंसिपल मिसेज़ शिखा शर्मा एवं वाईस प्रिंसिपल मिसेज़ स्निग्ध त्रिपाठी ने अपनी अथक व्यविस्थित मैनेजमेंट से प्रोग्राम की सफल बनाया वहीं स्कूल की अध्यापिकावों मिसेज़ ज्ञान जैन, विनीता कटारिया, पायल दूबे , श्वेता साहू ,मिसेज़.पल्लवी पाठक , एंकर पारुल ने गज़ब की टीम एफर्ट दिखाते हुए प्रोग्राम को एक ऊँचाई प्रदान की ।



## प्राचीन शिव मंदिर पर महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर ।** गौतम नगर मिलिट्री स्टेशन के समीप महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन का हुआ। संस्था संयोजक शैलेंद्र साहू ने बताया इस अवसर पर जोन अध्यक्ष और पार्षद देवेंद्र भार्गव, एमआईसी सदस्य और क्षेत्रीय पार्षद मनोज राठौर, भगवान दास ढालिया, पवन सक्सेना, शैलेश गोस्वामी, मनोज साहू, मनोज यादव, सुरेश यादव और आसपास के क्षेत्रवासियों ने हजारों की संख्या में महाआरती में भाग लेकर भंडारा ग्रहण किया। यह आयोजन दोपहर 1 बजे से रात्रि तक चलता रहा।



पद्मश्री डॉ. कैलाश मड़बैया को ललितपुर गौरव सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया।

## जवाहर बाल भवन में कल से चार दिवसीय रविरंग महोत्सव




**भोपाल।** जवाहर बाल भवन में 5 मार्च से चार दिवसीय रविरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक लता सांगड़े योगेश परिहार सहित वसीम अली ने बताया कि स्वर्गीय रवि लाल सांगड़े की स्मृति में महिला एवं बाल विकास आयोग, भारत सरकार एवं जवाहर बाल भवन भोपाल के सहयोग से शहर की दो कला संस्थाओं त्रिशा नाट्य एवं लोक कला साहित्य समिति एवं रंगरेज़ कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जवाहर बाल भवन, भोपाल के प्रांगढ़ में यह चार दिवसीय रविरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। चार दिवसीय कला महोत्सव का उद्देश्य रविलाल सांगड़े की जनसरोकारी कला यात्रा एवं कलाओं में महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना है, जिसमें बच्चों की कला सहभागिता भी प्रमुख रूप से शामिल है। इस समारोह में चार दिन तक अनेक कला विधाओं का समागम एक साथ, एक ही जगह पर होगा। कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर बारह बजे से प्रारंभ होगा और रात्रि नौ बजे तक चलेगा। प्रतिदिन कला में महिलाओं की सहभागिता से जुड़े अलग अलग विषयों पर व्यक्तव्य एवं गोष्ठी दोपहर के समय में आयोजित की जाएंगी। तत्पश्चात संध्याकालीन गतिविधियों में संगीत, नृत्य और नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा। महोत्सव में चारों दिन, अलग अलग महिला कलाकारों द्वारा चार अलग अलग सांगीतिक प्रस्तुतियाँ होंगी।

## ग्यारसपुर में मिली प्राचीन बुद्ध प्रतिमा, इतिहास के नए आयाम खुलने की संभावना: बौद्ध धर्मगुरु भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो

**भोपाल।** विदिशा ज़िले की ऐतिहासिक नगरी ग्यारसपुर में हाल ही में हुई खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध की 5 फीट ऊँची दुर्लभ प्रतिमा प्राप्त हुई है। यह खोज न केवल बौद्ध धर्म के इतिहास के लिए बल्कि संपूर्ण भारतीय संस्कृति और पुरातत्व के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है। इस खोज से संकेत मिलता है कि यह क्षेत्र अतीत में एक समृद्ध बौद्ध केंद्र रहा होगा, जहाँ बौद्ध, हिंदू और जैन धर्म के अवशेष सह-अस्तित्व में थे। इस ऐतिहासिक खोज को ध्यान में रखते हुए, दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ बौद्ध धर्मगुरु भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो के नेतृत्व में डॉ मनोज कुमार कुर्मी, सुपरीटेंडिंग आर्कियोलॉजिस्ट , भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (स्ढ्ढ) भोपाल एवं विदिशा कलेक्टर को ज्ञापन प्रदान किया कर ग्यारसपुर में तत्काल पुरातात्विक



उत्खनन और संरक्षण कार्य शुरू करने की माँग की है। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो यह बहुमूल्य ऐतिहासिक धरोहर नष्ट हो सकती है।

ग्यारसपुर की ऐतिहासिक महत्ता-

ग्यारसपुर सदियों से भारतीय इतिहास, कला और स्थापत्य के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में जाना जाता रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में भी प्राचीन मंदिरों, तोरणद्वारों, स्तूपों और अन्य स्थापत्य संरचनाओं के प्रमाण मिल चुके हैं। अब बुद्ध प्रतिमा की खोज से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि यह स्थल बौद्ध धर्म के महत्त्वपूर्ण केंद्रों में से एक रहा होगा।

भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को लिखे पत्र में कुछ प्रमुख माँगें और सुझाव दिए हैं।

## 30 को धूमधाम से मनाया जाएगा चैतीचांद पर्व, शोभायात्रा निकलेगी

### इस साल सिंधी समाज उत्थान पंचायत करवाएगी हिंगलाज माता के दर्शन: आनंद

**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी समाज उत्थान पंचायत लालघाटी क्षेत्र की अध्यक्ष आनंद सबधाणी के नेत्तृत्व में विजय नगर में हुई बैठक में तय किया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज का सबसे बड़ा पर्व चेतीचाँद महोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें विजय नगर, ओम नगर, सावन नगर, वल्लभ नगर एवं अन्य लालघाटी क्षेत्र की कॉलोनियों के रहवासियों के साथ मिलकर यादगार तरीके से मनाया जायेगा। कोर कमेटी की इस बैठक में मुख्य सलाहकार इन्द्रदास मेघानी, अध्यक्ष आनंद सबधाणी, उपाध्यक्ष राधेश्याम नाथानी, उपाध्यक्ष नन्दलाल मोतियानी, उपाध्यक्ष मनोहर आसुदानी, उपाध्यक्ष अर्जुन वाधवानी, कोषाध्यक्ष हीरानंद ग्वालानी, महासचिव



किशन आसुदानी, सचिव बी.डी चांदवानी एवं अन्य कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। सबधाणी ने बताया कि इस वर्ष से एक अनूठी पहल का शुभारंभ करते हुए यह निर्णय भी कमेटी द्वारा लिया गया है कि प्रति वर्ष पंचायत में सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को किसी एक धार्मिक स्थल का भ्रमण भी पंचायत द्वारा करवाया जाएगा, जिसकी शुरुआत इसी माह छिन्दवाड़ा के समीप स्थित हींगलाज माता मंदिर के दर्शन से प्रारंभ करवाई जाएगी। उपाध्यक्ष राधेश्याम नाथानी ने कहा कि पंचायत ने यह निर्णय लिया कि इस बार भगवान श्री झूलेलाल की मूर्ति स्थापना 29 मार्च 2025 को शाम 7 बजे श्री हरि सेवा गंगा दरबार में की जाएगी एवं चेतीचांद के महापर्व के दिन 30 मार्च को प्रात: 9 बजे श्री हरि सेवा गंगा दरबार से शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो विजय नगर, वल्लभ नगर, ओम नगर, सावन नगर से होते हुए वापस हरि सेवा गंगा दरबार में समाप्त होगी जहां प्रसाद वितरण भी होगा एवं दोपहर 3 बजे सिंधी सेंट्रल पंचायत के द्वारा आयोजित संपूर्ण भोपाल के कार्यक्रम में जाने के लिए झांकी के साथ बस के द्वारा सभी लोग प्रस्थान करेंगे।

## सेवा सदन अस्पताल को स्व. शोभा देवी सिंघल के नेत्रों का दान

**संत हिरदाराम नगर।** अयोध्या नगर भोपाल निवासी शोभा देवी सिंघल का देहावसान 1 मार्च को हो गया। दिवंगत के पुत्र प्रेमेन्द्र सिंघल ने अपनी माता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। अब उनके नेत्र दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2201 दृष्टिबाधित लोगों को नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।



### मुख्यमंत्री ने की जीआईएस भोपाल के निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की समीक्षा, कार्य योजना बनाकर किया जाएगा निवेश प्रस्तावों का फॉलो-अप

# इन्वेस्टर्स समिट में 30 लाख 77 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त होना बड़ी उपलब्धि

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में पहली बार हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन बेहतर टीमवर्क और समन्वय से संभव हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के साथ ही बड़ी संख्या में विदेशी राजनायिकों, वाणिज्यिक प्रतिनिधियों और देश के प्रमुख औद्योगिक समूह के प्रतिनिधियों के एक साथ आगमन और जीआईएस में सहभागिता का प्रबंध चुनौती पूर्ण था। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सुप्रबंधन का पर्याय बनी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआईएस के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों के अधिकारियों और टीम को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का यह कारवां निरंतर जारी रहेगा। प्रदेश में उद्योगों के लिए विद्यमान बेहतर अधोसंरचना और निवेश वातावरण के परिणामस्वरूप उद्योग समूह त्वरित रूप से अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहे हैं। अगले सप्ताह 850 करोड़ रूपए के निवेश से स्थापित होने वाली नीमच सौर परियोजना की आधारशिला रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समिट में कुल 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे लगभग 21 लाख 40 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे।



जीआईएस में 25 हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी की। इसमें 9 पार्टनर कंट्री और 60 से अधिक देशों से 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय डेलिगेट शामिल हुए। जीआईएस में 300 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों और उद्योगों की भागीदारी रही। जीआईएस में 10 सेक्टरल सत्र, 6 कंट्री सेशंस, 6 समिट, 70 से अधिक वन-टू-वन बैठकें, 5 हजार से अधिक बी-टू-बी मीटिंग और 600 से अधिक बी-टू-जी मीटिंग्स संपन्न हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 18 नई निवेश नीतियां लांच की गई और 89 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। यह प्रदेश में अब तक हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सबसे अधिक भागीदारी थी। जीआईएस की पूर्व तैयारी के लिए देश-विदेश में इंटरेक्टिव सत्र किए गए। ऑटो-एक्सपो, टेक्सटाइल एक्सपो, ऑक्सफोर्ड, वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट एग्जीबिशन के साथ ही एमपी पवेलियन और डिजिटल एक्सपीरियंस जोन, जीआईएस में आकर्षण का विशेष केंद्र रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि विभिन्न सेक्टरों में बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा में 8 लाख 94 हजार 301 करोड़ निवेश के 441 प्रस्ताव, इंफ्रास्ट्रक्चर में 3 लाख 37 हजार 329 करोड़ रूपए निवेश के 870 प्रस्ताव, खनन और खनिज क्षेत्र में 3 लाख 25 हजार 321 करोड़ रूपए के 378 निवेश के प्रस्ताव, रक्षा-विमानन और एयरोस्पेस में 3 लाख 01 हजार 681 करोड़ के 8 प्रस्ताव और पेट्रोकेमिकल्स-रसायन-प्लास्टिक व संबद्ध क्षेत्र में 1 लाख 4 हजार 158 करोड़ रूपए निवेश के 237 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

इसी प्रकार आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स आदि में 78 हजार 314 करोड़ रूपए के 193 प्रस्ताव, पर्यटन तथा हॉस्पिटेलिटी में 68 हजार 824 करोड़ रूपए के 303 प्रस्ताव, कृषि और खाद्य प्र-संस्करण में 63 हजार 383 करोड़ रूपए के 957 प्रस्ताव, शिक्षा में 52 हजार 294 करोड़ रूपए के 191 प्रस्ताव, हेल्थ केयर, फार्मा और चिकित्सा उपकरण के लिए 41 हजार 986 करोड़ रूपए के 345 प्रस्ताव, ऑटोमोबाइल क्षेत्र में 41 हजार 590 करोड़ रूपए के 349 प्रस्ताव, इंजीनियरिंग क्षेत्र के 26 हजार 277 करोड़ रूपए के 203 प्रस्ताव, कपड़ा-टेक्सटाइल और परिधान क्षेत्र में 21 हजार 833 करोड़ रूपए के 171 प्रस्ताव, लॉजिस्टिक्स और वेयर हाऊसिंग से संबंधित 9 हजार 112 करोड़ रूपए के 67 प्रस्ताव, पैकेजिंग क्षेत्र में 1 हजार 697 करोड़ रूपए के 51 प्रस्ताव तथा अन्य क्षेत्रों में 83 हजार 720 करोड़ रूपए के 1 हजार 96 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश प्रस्तावों के प्रभावी फॉलो-अप के लिए छह स्तरीय कार्य योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत एमपीआईडीसी द्वारा निवेश प्रस्तावों की स्क्रीनिंग और डेटा प्रविष्टि कर उनका विभागवार वर्गीकरण किया जाएगा। संबंधित विभाग निवेश राशि के आधार पर क्षेत्रीय कार्यालय, मुख्यालय और विभाग स्तर पर प्रस्तावों का फॉलो-अप करेंगे। प्रत्येक विभाग द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर की नियुक्ति की जाएगी। फॉलोअप के लिए मॉनीटरिंग और रिपोर्टिंग की पुख्ता व्यवस्था की गई है। संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव प्रति सप्ताह प्रगति की समीक्षा कर मुख्य सचिव को रिपोर्ट देंगे। इसके साथ ही मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री स्तर पर भी निश्चित अंतराल पर मॉनीटरिंग की व्यवस्था की गई है। निवेश प्रस्तावों को साकार करने के लिए भूमि आवंटन, अनुमोदन और आवश्यक मंजूरियों के लिए संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक समन्वय और सहयोग किया जाएगा। इसके साथ ही निवेशकों की प्रतिक्रिया के विश्लेषण और समाधान के लिए उनसे फीडबैक प्राप्त करने की भी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रस्तावों को वास्तविक निवेश में परिवर्तित करने के लिए रणनीति बनाकर कार्य होगा। इसके लिए प्राथमिकता पर प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे और सेक्टर फोकस्ड औद्योगिक सेक्टरों का भी विकास होगा। जिला स्तर पर कलेक्टर्स को भूमि और जल की आवश्यकता से अवगत कराकर समय-सीमा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। निवेशक अपनी इकाई का शीघ्रता से संचालन शुरू कर सकें, इसके लिए प्लग-एंड-प्ले सुविधा विकसित की जाएगी। प्रदेश में एमपी इन्वेस्टर पोर्टल का उन्नयन किया गया है। इसके साथ ही एमपीआईडीसी में विशेष सेल अंतर विभागीय समन्वय सुनिश्चित करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, खनिज संसाधन, शहरी विकास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यटन, एमएसएमई की आगामी कार्य योजना की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में उद्योग और रोजगार वर्ष 2025 के अंतर्गत संचालित होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि सेक्टर फोकस्ड समिट के साथ ही कौशल संवर्धन कार्यक्रम, आईटीआई और उद्योगों के समन्वय, इज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए ईओडीबी क्लीनिक के आयोजन सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रमों में सहभागिता की जाएगी।

---

सांध्यप्रकाश विशेष

## कहीं पे निगाहे कहीं पे निशाना रोहित शर्मा तो एक बहाना



त्वरित टिप्पणी
जी. के. छिब्बर

कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने एक सोची समझी रणनीति के अनुसार भारतीय सफल कप्तान रोहित शर्मा पर निम्न स्तर की टिप्पणी कर अपने आप को चर्चा का विषय तो बना लिया साथ ही साथ कही पे निगाहे कही पे निशाना वाली कहावत को भी प्रमाणित किया है कांग्रेस प्रवक्ता ने नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाए है और नेतृत्व कैसा होना चाहिए इसके संकेत भी दिए है यह राजनैतिक दलों को संकेत कर दिए है ।

कांग्रेस के विद्वान सांसद शशि थरूर भी कुछ सवाल उठा चुके है कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवम अध्यक्ष पी शिवकुमार भी कुछ ऐसा ही सोचते है इतना ही नहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय मिडिया प्रमुख जयराम रमेश भी निशाने पर है दिग्विजय सिंह और सचिन पायलट भी महाकुम्भ में स्नान कर नेतृत्व की भावना के विरुद्ध खेल रहे है लेकिन कहने का कोई साहस नहीं कर पा रहा है ।

राजनीति में योग्यता विद्वता प्रतिभा और दल के प्रति समर्पण नहीं है नेता के प्रति वफादारी और प्रतिबद्धता है? यही चिंतन का विषय है कांग्रेस में कुछ तो ठीक नहीं है टीम का कप्तान कौन है टीम कौन चला रहा है लगातार पराजित कप्तान नेतृत्व करता चला आ रहा है

चापलूस खिलाड़ी खेल रहे हैं तो विजयश्री कहा मिलेगी शमा मोहम्मद ने रोहित शर्मा पर उठाने का समय ठीक नही चुना है रोहित शर्मा इस चैंपियन ट्रॉफी में अब तक अजेय कैप्टन है उनके विश्व स्तरीय रिकॉर्ड है पिछले वन डे विश्व कप में भी भारत को फाइनल तक ले गए थे टी 20 विश्वकप विजेता है आईपीएल में मुंबई इंडियन को कई बार विजेता बना चुके हैं वन डे में तीन दोहरे शतक लगाने वाले विश्व के एकमात्र खिलाड़ी है कांग्रेस प्रवक्ता को नेत्रवा पर सवाल खड़े करने के पहले सोचना चाहिए कि सवाल उठाने वाले खुद कहा खड़े है क्रिकेट पर राजनीति करेंगे तो राजनीति में दल के नेतृत्व पर सवाल उठना स्वाभाविक है

रोहित शर्मा तो सुपरहिट है परंतु शमा मोहम्मद ने किस की हिट किया है यह प्रश्न विचारणीय है।

---

## मेरी पार्टी व पार्टी नेतृत्व से माफी मांगे जीतू पटवारी: प्रहलाद पटेल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सरकार के पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के राजगढ़ जिले के सुठालिया में रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में दिए बयान के बाद कांग्रेस द्वारा इसे प्रदेश की जनता का अपमान बताया गया। जिसको लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने जीतू पटवारी ने भाजपा पर हमला बोला। जिसको लेकर प्रदेश के पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जबलपुर प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मै सुठालिया में रानी अवंती बाई के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुआ था, वह सामाजिक कार्यक्रम था जिसमें लोधी समाज के साथ अन्य समाजों के भी लोग सम्मिलित हुए थे। साथ ही कांग्रेस के प्रतिनिधि भी मंच पर थे। यह कोई पार्टी का कार्यक्रम नहीं था। श्री पटेल ने आगे कहा कि समाज को स्वाभिमान के साथ जीने की प्रेरणा देना कोई अपराध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेरे आधा घंटे के भाषण से कुछ मिनटों के अंश निकालकर बिना सोचे समझे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मेरी पार्टी व पार्टी के नेतृत्व पर हमला किया है। यह ओछी राजनीति है। राजगढ़ में रानी अवंती बाई मूर्ति अनावरण के गरिमापूर्ण कार्यक्रम को विवादास्पद बनाने वाले मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी को मेरी पार्टी एवं नेतृत्व से माफी माँगनी चाहिए।



पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा जारी भाषण को सुने तो स्पष्ट होता है श्री पटेल भाषण के प्रारंभ से लेकर अंत तक रानी अवंती बाई के शौर्य, वीरता की चर्चा कर रहे हैं। साथ ही उस समय के काल में भी समाज व रानी ने अपने स्वाभिमान का समझौता नहीं किया और समाज हित में अपना सब कुछ दान कर दिया। यह बातें पटेल द्वारा बताई गई हैं। पटेल ने कहा कि समाज वही समृद्ध होता है जो जरूरतमंद को सहयोग करे। इसलिए समाज को दानी की भूमिका में होना चाहिए न कि भिखारी की। उन्होंने समाज के लोगों से समाज के गरीब तबके की मदद करने की बात भी कही। श्री पटेल ने समाज से फिजूल खर्ची रोकने व परिवार को नशा से बचाने का आहवान भी किया।

**शहीदों ने कभी भिक्षा नहीं मांगी:** पटेल ने अपने भाषण में स्पष्ट कहा कि किसी शहीद का नाम बताएं जिसने भिक्षा मांगी हो। उन्होंने कहा कि रानी अवंती बाई ने अंग्रेजी शासन से कह दिया था कि वे किसानो से कर नहीं वसूलेंगी और अपने किसानों का सारा कर अपने खजाने से दे दिया। लेकिन किसी के सामने हाथ नहीं फैलाए। हमें समाज को देने वाला स्वाभिमानी समाज बनाना होगा न कि भीख मांगनेवाला। पटेल ने अपने पूरे भाषण में रानी के दानवीरता , न्यायप्रियता, शौर्य, वीरता, स्वाभिमान से संबंधित अनेक संस्मरणों के माध्यम से समाज को जागृत करने की बात कही।

---

## पैक्स कंप्यूटराइजेशन के सफल क्रियान्वयन के लिए पैक्स प्रबंधकों को मिलेगी 5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सहकारिता के क्षेत्र में डिजिटल टेक्नोलॉजी के प्रयोग में अग्रणी रहा है। केंद्र प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना के क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में मध्यप्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है। वर्तमान में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) के डिजिटाइजेशन एवं सॉफ्टवेयर आधारित अंकेक्षण का कार्य प्रगति पर है। सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव श्री अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में योजना के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिए गठित स्टेट लेवल इम्प्लीमेंटेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एसएलआईएमसी) की बैठक मंत्रालय में हुई। समिति ने सर्व सम्मति से पैक्स प्रबंधकों/सहायक समिति प्रबंधकों को एकबारगी राशि 5000 रूपये की प्रोत्साहन राशि की स्वीकृति प्रदान की। इसके लिए 15 मई 2025 तक पैक्स को ई-पैक्स (तातारीख़ सॉफ्टवेयर पर कार्यशील होना) घोषित किया जाना अनिवार्य होगा। साथ ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों (डीसीसीबी) के 2 मास्टर ट्रैनर्स, जिनके बैंक की न्यूनतम 50 प्रतिशत पैक्स को उक्त दिनांक तक ई-पैक्स घोषित किया गया है, को प्रतिमाह राशि 1000 रुपए का प्रोत्साहन आगामी 12 माह तक प्रदान किया जाएगा। पैक्स प्रबंधकों को दी जाने वाले राशि का वहन अपैक्स बैंक तथा मास्टर ट्रेनर को दी जाने वाली राशि का वहन संबंधित डीसीसीबी द्वारा किया जाएगा। इस तरह अच्छे कार्य को सराहना देने में भी मध्यप्रदेश प्रथम राज्य है। बैठक में सी सरस्वती(मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल), श्री मनोज कुमार गुप्ता ( प्रबंध संचालक, अपैक्स बैंक), अम्बरीश वैद्य (संयुक्त आयुक्त, आयुक्त सहकारिता प्रतिनिधि), अंजुली धुर्वे (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डीसीसीबी रायसेन), विनय प्रकाश सिंह (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डीसीसीबी विदिशा) एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

## संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा में प्लास्टिक सर्जरी से जोड़ा कटा हुआ हाथ

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दी बधाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने दुर्घटना ग्रस्त अनिल साकेत का कटा हुआ हाथ जटिल शल्य चिकित्सा से पुन: जोड़ने में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा के प्लास्टिक सर्जन डॉ. अजय पाठक एवं उनकी टीम को बधाई दी है।



उन्होंने कहा कि आपकी कार्यक्षमता से प्रदेश की जनता लाभान्वित हो रही है एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर रही है। उल्लेखनीय है कि ग्राम सलैया, जिला सीधी निवासी 28 वर्षीय श्री अनिल साकेत का बायां हाथ लकड़ी काटने की मशीन से कलाई से पूर्णत: अलग हो गया था। मरीज को गंभीर अवस्था में उसी दिन सुबह चिकित्सालय लाया गया, जहां वरिष्ठ प्लास्टिक एवं शल्य चिकित्सकों ने तत्काल मूल्यांकन कर पुन: अंग जोड़ने की शल्य प्रक्रिया करने का निर्णय लिया।

प्लास्टिक सर्जन डॉ. अजय पाठक एवं वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम द्वारा लगभग 6 घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस सर्जरी में अस्थि रोग विभाग के डॉ. बी.बी. सिंह, निश्चेतना विभाग के डॉ. अरविंद राठिया तथा डॉ. आशुतोष का विशेष योगदान रहा

---

## सड़कों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए वाहन पोर्टल पर ग्रीन सर्विस शुरू

### 7 लाख पुराने वाहनों पर लगाई गई हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट

**भोपाल।** प्रदेश में सड़कों को प्रदूषण मुक्त बनाये रखने के लिये नेशनल इन्फॉर्मेशन सेंटर (एनआईसी) के वाहन पोर्टल पर हरित सेवा (ग्रीन सर्विस) शुरू की गई है। जिसके माध्यम से वाहनों के रेट्रोफिटमेंट कराये जाने वाली सीएनजी किट के प्रमाणित होने की पुष्टि रहती है। वाहन पोर्टल का संचालन परिवहन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

राज्य में वाहनों से उत्सर्जित होने वाली हानिकारक गैसों पर नियंत्रण के लिये प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। प्रदेश में समस्त वाहन प्रदूषण जांच केन्द्रों को एनआईसी के पीयूसीसी पोर्टल के साथ इंटीग्रेट किया जाकर पारदर्शी रूप से ऑनलाइन प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र जारी किया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। ऑनलाइन पीयूसीसी (पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट) जारी होने से उनका डेटा वाहन पोर्टल पर प्रदर्शित होने लगा है। इस सुविधा से चेकिंग अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र मांगे जाने पर वाहन स्वामी द्वारा ऑनलाइन अथवा इलेक्ट्रॉनिक रूप में दिखाया जा सकता है।

प्रदेश में वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने का कार्य वाहन डीलर के माध्यम से किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक करीब 7 लाख पुराने रजिस्टर्ड वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाई जा चुकी है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगने से वाहन चोरी की दशा में इसे ट्रेस किया जाना सरल हो जाता है। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनफिट वाहनों के संचालन पर प्रभावी रोक लगाये के प्रयास परिवहन विभाग द्वारा किये जा रहे हैं। इस उद्देश्य से केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वाहनों के स्वचलित परीक्षण (ऑटोमेटेड टेस्टिंग) के बाद ही फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किया जाना अनिवार्य किया गया है। वाहनों की मानव हस्तक्षेप रहित पारदर्शी तरीके से फिटनेस जाँच करने के लिये ग्वालियर, इंदौर और भोपाल में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) क्रियाशील हो गये हैं। इसी के साथ प्रदेश के 22 जिलों में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन बनाये जाने के लिये प्राथमिक पंजीयन प्रमाण-पत्र जारीकिये गये हैं।

**ड्राइविंग प्रशिक्षण सेंटर:** प्रदेश में प्रतिवर्ष होने वाली औसतन 50 हजार सड़क दुर्घटनाओं में 78 प्रतिशत सड़क दुर्घटना वाहन चालक की गलती के कारण होती है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से वाहन चालकों को प्रशिक्षण देने के लिये 3 स्तर प्रादेशिक, संभागीय और जिला स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्रो की स्थापना करने का निणर्य लिया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश के इंदौर और छिंदवाड़ा में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च सेंटर संचालित किये जा रहे है। इसके अलावा छतरपुर और 10 अन्य स्थानों पर ड्राइविंग इंस्टीट्यूट शुरू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है।

---

### कांफ्रेंस में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने दिया प्रेजेंटेशन

## मध्यप्रदेश और जम्मू कश्मीर राज्य निर्वाचन आयोग के बीच हुआ एमओयू

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग और जम्मू एवं कश्मीर राज्य निर्वाचन आयोग के बीच एमओयू किया गया। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग जम्मू ङ्ककश्मीर में होने वाले नगरीय निकाय निर्वाचन की प्रक्रिया को सशक्त करने में मदद करेगा। नेशनल कांफ्रेंस में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने प्रेजेंटेशन दिया।

एमओयू के तहत मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग जम्मू और कश्मीर में होने वाले आगामी नगरीय निकाय चुनाव में 7 हजार ईवीएम और अन्य उपकरण उपलब्ध कराने के साथ ही पोलिंग स्टाफ को ट्रेनिंग भी दिलाएगा। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में किए गए नवाचारों को जम्मू और कश्मीर में लागू करवाने के लिए प्रयास करेगा। साथ ही पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित बूथों पर पेपर लेस बूथ की प्रक्रिया अपनाने में मदद करेगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव की उपस्थिति में एमओयू में सचिव मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह और सचिव जम्मू एवं कश्मीर राज्य निर्वाचन आयोग सुशील कुमार ने हस्ताक्षर किए। सचिव सुशील कुमार ने मध्यप्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त को इस एमओयू के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अब हमारे राज्य में सुगमता से नगरीय निकाय निर्वाचन कराने में मदद मिलेगी। पेंच नेशनल पार्क सिवनी में आयोजित राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के विषय विशेषज्ञों द्वारा सुगम-सुविधाजनक निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न विषयों पर प्रेजेंटेशन दिए गये।





आईसीपीएस (इंटरनेशनल सेंटर फॉर पार्लियामेंटलरी स्टडीज) लंदन के डायरेक्टर अरविंद वेंकटरमन ने ''रिकगनाइजिंग इंडियास रोल एस ग्लोवल लीडर इन इलेक्शन एंड इलेक्टोरल डिप्लोमेसी'' विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने भारत जैसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश मे निर्वाचन प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए इलेक्टोरल मैनेजर, ई-लर्निंग जैसे ए-आई टूल्स तथा ब्लॉक चैन के उपयोग करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। सेल्स डायरेक्टर एपीएसी टर्की मेहमत बुरक ने दूरस्थ मतदाता के पंजीयन तथा ऑनलाईन मतदान की कार्ययोजना पर अपना प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने मतदाताओं के डिजिटल प्रक्रिया द्वारा पंजीयन तथा बायोमेट्रिक से मतदाताओं के पहचान करने की प्रक्रिया पर जानकारी दी। साथ ही सुरक्षित, सुविधाजनक एवं पारदर्शी रूप से ऑनलाइन वोटिंग कराने की प्रक्रिया के बारे में बताया। कनाड़ा, बेनिन में वोटर रजिस्ट्रेशन एप्लिकेशन का डेमो भी दिया। वर्कली विश्वविद्यालय केलि फोर्निया के रिसर्च स्कालर प्रनव गुप्ता और अनस्तुभ अग्निहोत्री ने स्थानीय निर्वाचन में रिसर्च करने के संबध में प्रेजेंटेशन दिया।

देश मे सुगम, सुविधाजनक पारदर्शी निर्वाचन कराने में ईवीएम, सॉफ्टवेयर सहित अन्य सपोर्ट उपलब्ध कराने वाले संस्थान इलेक्ट्रानिक्स कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईआईटी लिमिटेड बैंगलुरु के प्रतिनिधियों द्वारा राज्य निर्वाचन आयुक्तों के समक्ष निर्वाचन में किये जा रहे अनुसंधानों के बारे में अपना प्रेजेंटेशन दिया। विशेष रूप से नवीन एस-3 ईव्हीएम, इलेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग की कार्यविधि और लाभ को रेखांकित किया। इसी तरह पोलिंग एवं काउंटिंग में उपयोग होने वाले विभिन्न एप्लीकेशन के संबंध में आईएनसीटी चेन्नई के सीईओ श्री गजपथी ने प्रेजेंटेशन दिया। अमिट स्याही और अन्य चुनाव सम्बन्धी सामग्री के संबंध में हैदराबाद एवं जयपुर की कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन दिया। विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों ने परिचर्चा में सहभागिता की। उन्होंने मध्यप्रदेश के पेपर लेस बूथ के मॉडल का अवलोकन किया।

# सौदेबाजी का ट्रंप कार्ड

## दादागिरी के तेवरों से भारत भी रहे सतर्क



बीते शुक्रवार अमेरिका के व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच जो अप्रिय विवाद हुआ, उसे पूरी दुनिया ने देखा। विश्व की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच पहली बार ऐसी तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शायद यह मामला उजागर न होता यदि दोनों नेता प्रेसवार्ता में टीवी कैमरों के सामने न बैठे होते। दरअसल, एक तरफ बड़बोले ट्रंप थे तो दूसरी ओर कूटनीति में अपरिपक्व कहे जाने वाले जेलेंस्की थे, जो रूस से निरंतर खतरे को देखते हुए सुरक्षा की गारंटी मांग रहे थे। वहीं ट्रंप यूक्रेन को दी मदद की कीमत उसके खनिज भंडारों पर कब्जे के रूप में मांग रहे थे। निस्संदेह, तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने यूक्रेन की भरपूर मदद की। यदि यूक्रेन युद्ध में टिक पाया तो उसके पीछे अमेरिका व यूरोपीय देशों की आर्थिक व सैन्य मदद थी। लेकिन सत्ता बदलने के बाद ट्रंप कहते रहे हैं कि अमेरिका के करदाताओं का पैसा यूं युद्ध में नहीं झोंका जा सकता,यूक्रेन को मदद की कीमत चुकानी होगी। वैसे खुलेआम युद्ध विराम के लिये सौदेबाजी से अमेरिका की छवि को लेकर कोई अच्छा संदेश दुनिया में नहीं गया। निस्संदेह, ट्रंप की युद्धविराम की कोशिश सार्थक पहल है लेकिन शांति की कीमत वसूलना सभ्य समाज के लिये कोई अच्छी बात भी नहीं है। दरअसल, यूक्रेन प्रस्तावित समझौते में खुद को छला महसूस कर रहा है। एक तो रूस के द्वारा कब्जाये क्षेत्र को वापस न देने की बात की जा रही है तो दूसरे इस बात की गारंटी भी नहीं दी जा रही है कि रूस फिर से हमला नहीं करेगा। दरअसल, जेलेंस्की रूस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। इस लिये उसकी सोच रही है कि पहले अमेरिका उसे सुरक्षा की गारंटी दे। ऐसी मांग करना कोई गलत भी नहीं है क्योंकि पिछले तीन साल से यूक्रेन लगातार रूस के घातक हमलों को झेल रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया में यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि ट्रंप शांति स्थापना के प्रयासों की कीमत यूक्रेन के बहुमूल्य खनिज कब्जाकर वसूलें। फिलहाल ट्रंप व जेलेंस्की की नोकझोंक के बाद समझौता व युद्धविराम का मसला खटाई में जाता दिख रहा है। लेकिन हकीकत यह भी है कि यूरोपीय देशों के यूक्रेन के पक्ष में एकजुट होने के बाद भी उसका लंबे समय तक युद्ध में टिका रहना संभव न होगा। यही वजह है कि यूरोप के भरपूर समर्थन के बावजूद निश्चित नहीं कहा जा सकता कि यूक्रेन रूस का मुकाबला पहले ही तरह कर पाएगा। वहीं वजह साफ है कि नाटो के यूरोपीय सदस्य बिना अमेरिकी मदद के यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। वहीं दूसरी ओर कूटनीतिज्ञों का कहना है कि एक महाशक्ति से युद्धरत रहते हुए यूक्रेन दूसरी महाशक्ति को नाराज नहीं कर सकता। दरअसल, यूक्रेन में रूस ही नहीं, अमेरिका व यूरोपीय देश भी अपने हित देखकर कदम उठा रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रंप से टकराव की कीमत यूक्रेन को चुकानी पड़ सकती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जेलेंस्की के व्हाइट हाउस आने से पहले ट्रंप जोर्डन, ब्रिटेन, फ्रांस के शीर्ष नेताओं के साथ तल्ख व्यवहार कर चुके थे। हालांकि, भारतीय प्रधानमंत्री ट्रंप से मुलाकात के दौरान किसी भी टकराव को टालने को अपनी प्राथमिकता बनाए रहे। भारत को पता है कि ट्रंप जब कनाडा व यूरोपीय देशों के नेताओं को नहीं बख्श रहे तो हमें अपने सम्मान व हितों की रक्षा खुद करनी होगी। वह भी तब जब ट्रंप अमेरिका फर्स्ट का नारा लगातार लगा रहे हैं। उन्होंने टैरिफ लगाने में गोरे देश कनाडा तथा चीन को भी नहीं बख्शा। भारत के टैरिफ के भेदभाव को लेकर ट्रंप लगातार मुखर रहे हैं। कथित अवैध अप्रवासी भारतीयों के साथ अमेरिका ने जैसा अमानवीय व्यवहार किया,वह किसी से छिपा नहीं है। भारत को अच्छी तरह पता है कि हमारा सदाबहार मित्र रूस अब ट्रंप के करीब है और ब्रिक्स के देश चीन के ज्यादा नजदीक हैं। ऐसे में हमें अपने हितों की रक्षा अपने बूते ही करनी होगी।

# नशे के खिलाफ युद्ध

लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ पंजाब सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध शुरू किया है। सरकार का दावा है कि तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा कर दिया जाएगा। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत में किए जाते रहे हैं। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। सवाल यह है कि मान सरकार का नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिख पायेगा? उल्लेखनीय है कि मान के नेतृत्व वाले प्रशासन ने नशामुक्ति और पुनर्वास प्रयास के साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के जरिये एक व्यापक रणनीति को अंजाम देने की कोशिश की है। इस अभियान में नशामुक्ति केंद्रों और डॉक्टरों द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं की बिक्री को विनियमित करने पर ध्यान देकर एक कारगर पहल की गई है। हालांकि, इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार कर पाए हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

उल्लेखनीय है कि पंजाब में विगत में भी ऐसे दावे किए गए हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। निस्संदेह, उनकी सरकार ने भी इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिये भी वार्षिक दवा परीक्षण तथा अधिकारियों की नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकथाम की जवाबदेही शामिल थी। लेकिन उसके बावजूद नशीली दवाओं का संकट जारी रहा। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। इस कार्रवाई का शिकार वे लोग होते हैं जो नशीली दवाओं के अंतिम उपयोगकर्ता नशेड़ी होते हैं। जो आमतौर पर गरीब लोग होते हैं। वहीं दूसरी ओर नशे का बड़ा कारोबार निर्बाध रूप से चलता रहता है। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। वहीं सुखद है कि हिमाचल सरकार ने छह माह में नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने का संकल्प जताया है, जिसमें तस्करों की संपत्ति जब्त करने व संदिग्ध खातों की जांच भी शामिल है।

# 'तेरा तुझको अर्पण' अवतार में 'मोहन'



कौशल किशोर चतुर्वेदी



सीएम हाउस में 2 मार्च 2025 को खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सीएम के साथ संवाद को अन्नदाताओं से साझा करते हुए बता रहे थे कि 'मंत्री को बाद में पता चल पाता है और मुख्यमंत्री किसानों को पहले ही सब दे देते हैं। मंत्री के पास गेहूं को 2550 रुपए समर्थन मूल्य पर खरीदने की फाइल थी और बालाघाट में मुख्यमंत्री ने 2600 रुपए प्रति क्विंटल में गेहूं खरीदी का ऐलान कर दिया। और चावल पर प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि अभी 2000 रुपए थी। मुख्यमंत्री ने किसानों से पूछा कि कितनी कर दें। किसानों ने कहा 4000, तो मुख्यमंत्री ने चावल पर प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि 4000 रुपए करने की तत्काल घोषणा कर दी। यही नहीं जब मंत्री ने मुख्यमंत्री से कहा कि गेहूं समर्थन मूल्य 2550 प्रस्तावित था, आपने 50 रुपए ज्यादा में लेने की घोषणा कर दी। तब सीएम बोले कि जो कह दिया, अन्नदाताओं को वही राशि देंगे।'

पूरा वाकया यही साबित कर रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के किसानों के लिए 'तेरा तुझको अर्पण' अवतार में सामने आ चुके हैं। और जब 2 मार्च 2025 को सीएम हाउस में मध्यप्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी मोहन यादव का स्वागत करने पहुंचे, तब एक बार फिर सीएम ने घोषणाओं का अंबार लगा दिया। घोषणाएं ही नहीं बल्कि उनके क्रियान्वयन की बात ही कह दी।किसानों को अब पांच रुपये में बिजली का स्थाई कनेक्शन मिलेगा। तीन साल में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे। किसानों द्वारा सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली नगद खरीदी जाएगी। किसानों की आय बढ़ाने और उनका जीवन बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेगा। जिला स्तर पर विभिन्न कृषि मेले लगेंगे। तो मुख्यमंत्री ने कृषकों को खेती को बेहतर बनाने, नवीन तकनीक अपनाने और अपने बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने का संकल्प भी दिला दिया। इसका श्रेय प्रधानमंत्री को देते हुए यह भी बताया कि यह कल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री मोदी के किसानों के प्रति प्रेमभाव का प्रकटीकरण हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को अब 5 रुपये में बिजली का स्थाई कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। मध्य क्षेत्र को यह व्यवस्था तत्काल आरंभ करने के निर्देश देते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह किसानों की सरकार है। उनका जीवन बेहतर बनाने के लिए हर संभव कार्य किए जाएंगे। राज्य सरकार सोलर पंप के माध्यम से किसानों को बिजली उत्पादन में भी आत्म-निर्भर बनाएगी। अगले तीन वर्ष में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराकर, किसानों को बिजली बिल से मुक्ति दिलाएगी। प्रतिवर्ष 10-10 लाख कनेक्शन दिए जाएंगे। किसानों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही किसानों द्वारा सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली खरीद कर उन्हें नगद भुगतान किया जाएगा। सिंचाई के लिए केन-बेतवा, चंबल-कालीसिंध के बाद प्रदेश में महाराष्ट्र के सहयोग से ताप्ती नदी पर तीसरी नदी जोड़ो परियोजना आरंभ होने की घोषणा भी मोहन यादव ने कर दी। किसानों की आय बढ़ाने के लिए गेहूँ और धान पर दिए जा रहे प्रोत्साहन के समान ही दुग्ध उत्पादन पर भी प्रोत्साहन स्वरूप बोनस प्रदान किया जाएगा। दस से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जाएगा। गांव-गांव में गोपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। गौ-शाला चलाने वालों को प्रति गाय 20 रुपये के स्थान पर 40 रुपये का अनुदान देकर गौ-शालाओं को सक्षम बनाया जाएगा। बेसहारा, अशक्त और वृद्ध गौ-माताओं के आश्रय के लिए भोपाल सहित सभी बड़ी नगर निगमों में 10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं बनाई जाएगी। आने वाले समय में उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत बीज और कृषि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला स्तर पर कृषि मेले लगाए जाएंगे। वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुसार वैश्विक स्तर पर उपलब्ध श्रेष्ठतम बीज किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। कृषक अन्नदाता ही नहीं, अपितु जीवन दाता है। यह किसानों की सरकार है। तो खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि किसान मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त करने का निर्णय सराहनीय है। इस ऐतिहासिक फैसले से किसान परिवारों में प्रसन्नता का संचार हुआ। भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को किसानों का सच्चा हितैषी बताया।

दृश्य यही था कि विष्णु, गोविंद, दर्शन के साथ ही मानो पूरा वातावरण जैसे यही गवाही दे रहे थे कि डॉ. मोहन यादव अन्नदाताओं के लिए 'तेरा तुझको अर्पण' अवतार में हैं। तो उम्मीद यही कि किसानों की आय में इजाफा होगा। खास तौर से छोटी जोत वाले किसानों का जीवन सम्मानजनक हो सकेगा। इनके परिवारों में खुशहाली आ सकेगी। और किसान तब ही भगवान की तरफ देखकर मुस्कुराकर कह सकेगा कि दिन-रात पसीना बहाना अब सार्थक लग रहा है प्रभुज्और तब भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था एक बार फिर आत्मनिर्भर भारत का आधार बन सकेगी।

# आ गया नया आयकर विधेयक

राकेश दुबे






वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत नया आयकर विधेयक देश की आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने के लिए एक बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने पिछले वर्ष जुलाई 2024 के बजट भाषण में कहा था कि मौजूदा आयकर कानून की कई धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। साथ ही इसके तहत कानूनी जटिलताएं कर अनुपालन में मुश्किलें और मुकदमेबाजी में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा।

देश में वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी। वर्ष 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार छोटे-छोटे प्रयास किए जाते रहे। खासतौर से 1981 में कम्प्यूटरीकरण की शुरुआत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2009 में ई-फाईल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई।

पिछले एक दशक में जो अहम सुधार किए गए हैं, उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इन विभिन्न प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं।

वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान बहुत कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। वस्तुत कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है, बल्कि यह सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है।

वर्ष 2047 में देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। आयकर संबंधी विभिन्न मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नए आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नए आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढ़ने-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है।

नए आयकर विधेयक में 'चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नए विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है। अब 'असेसमेंट ईयर' की जगह 'टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा।झ्र अब क्रिप्टोकरेंसी और अन्य डिजिटल एसेट्स को कैपिटल एसेट माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नए टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। निश्चित रूप से नए आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। नए आयकर विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना सुनिश्चित किया गया है। जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है।

# जीवन के लिये प्रकृति-वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी

ललित गर्ग





वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही विश्व वन्यजीव दिवस को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया के लुप्त होते वन्य जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जिसकी शुरुआत थाईलैंड द्वारा दुनिया के जंगली जीवों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए प्रस्तावित किया गया था।। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिक, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। साल 2025 की थीम है, ÷वन्यजीव संरक्षण वित्तः लोगों और ग्रह में निवेश÷, यह थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए नए वित्तीय समाधानों की खोज और उनका आदान-प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

वन्यजीव प्रजातियों, उनके आवासों, पारिस्थितिकी तंत्रों का निरंतर नुकसान एवं वनों का दोहन पृथ्वी पर मनुष्यों सहित सभी जीवन को खतरे में डाल रहा है। दुनिया भर के लोग अपने जीवन के लिए प्रकृति पर निर्भर हैं। भारत एवं दुनिया में कई वन्य जीव लुप्त होने के कगार पर हैं। शेर, चीता, बाघ, सफ़ेद तेंदुआ, गैंडा, जंगली भैंसा, गंगीय डॉल्फ़िन, लाल पांडा, नीलगिरि लंगूर, कस्तूरी हिरन, संगाई हिरन, बारहसिंघा, कश्मीरी हिरन, जंगली गधा, एक सींग वाला गैंडा, तेंदुआ, अजगर, सियार, जरख, जंगली बिल्ली, भेड़िया, नेवला, सेंड ग्राउज़ झाऊ चूहा एवं गौरया आदि अनेक वन्यजीव प्रजातियां लुप्त हो रही है। कम मांस खाने और लुप्तप्राय जानवरों, जैसे हाथीदांत से निर्मित वस्तुओं से परहेज आदि वन्यजीवों को बचाने की मुहिम में कारगर है। यह दिवस महत्वपूर्ण रूप से लुप्तप्राय वन्य जीव प्रजातियों के भविष्य को संरक्षित करने, उनकी आदतों और पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्वास में सहायता करने और मानव जाति द्वारा इन जानवरों के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करेगा।

आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार लुप्त होती वन्य जीव प्रजातियां, विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बड़े खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व वन्यजीव दिवस का ध्येय है। हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी, उसके पर्यावरण, प्रकृति और वन्य जीवों के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

लुप्तप्राय जंगली जानवरों और पौधों के संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। सूखे, नए रेगिस्तान, आग और बाढ़ की रोकथाम के लिए वन्यजीवों का संरक्षण आवश्यक है। जंगली जानवरों और पौधों का यह संरक्षण सुनिश्चित करता है कि मनुष्यों और वन्यजीवों की आने वाली पीढ़ियाँ प्रकृति से घिरी रहेंगी, तभी पृथ्वी का जीवन संभव होगा। जरूरत है हम वन्यजीवों एवं प्रकृति से प्यार करे और वन्यजीवों के महत्व को समझें। भविष्य की आशा मानवीय कब्जे एवं दोहनके प्रभाव को रोकने में है - इसके लिए पहले ही बहुत देर हो चुकी है, बल्कि उस प्रभाव की सीमा के बारे में बेहतर समझ बनाने और उसके शासन के लिए एक नई नैतिकता बनाने में है। तभी मानव जीवन एवं वन्य जीवों की अन्योन्याश्रयता को देख पाएंगे, तभी प्रकृति को क्षमाशील, उदार और लचीला पाएंगे। तभी हम प्रकृति दोहन को मात दे सकेंगे तथा उसकी मिठास का स्वाद लेने और उसकी वरिष्ठता का सम्मान करने की पात्रता प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिये यह दिवस वन्यजीवों और वनस्पतियों के विविध रूपों का जश्न मनाने और उनके संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने का दिन है। यह वन्यजीव अपराधों के खिलाफ़ लड़ाई को तेज करने का आह्वान करता है।पृथ्वी पर प्रजातियों का विलुप्त होना स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन मनुष्यों की भागीदारी विलुप्त होने की दर को तेज करती है। विलुप्त होने के कुछ कारणों में निवास स्थान का नुकसान, जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियाँ, अत्यधिक मछली पकड़ना और शिकार शामिल हैं। वन्यजीव संरक्षण पर्यावरण में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और प्रजातियों को और अधिक विलुप्त होने से भी रोकता है, जो हमें हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। वन्य जीव एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक अभियान जरूरी है। वन्य जीवों के प्रति उपेक्षा एवं लापरवाही ने न केवल इंसानों के जीवन को खतरे में डाला है बल्कि पृथ्वी, प्रकृति एवं पर्यावरण पर भी घातक असर डाला है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। मनुष्य प्रकृति एवं वन्यजीवों के साथ अनेक वर्षों से छेड़छाड़ कर रहा हैं, इसे देखने के लिए हमें ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। धरती पर बढ़ रही बंजर भूमि, फैलते रेगिस्तान, जंगलों का विनाश, लुप्त होते पेड़-पौधे और जीव जंतु, दूषित होता पानी, शहरों में प्रदूषित हवा और हर साल बढ़ते बाढ़ एवं सूखा, ग्लोबल वार्मिंग, वैश्विक तापमान वृद्धि, ग्लेशियर पिघलना, ओजोन का क्षतिग्रस्त होना आदि इस बात का सबूत हैं कि, हम वन्यजीवों, धरती और पर्यावरण की सही तरीकें से देखभाल नहीं कर रहें हैं। जिससे ग्लोबल वार्मिग एवं जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित एवं प्रताड़ित करने में कैसे लगे रहते हैं? अगर वन्यजीवों के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा?

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी, वन्यजीवों और प्रकृति का निर्माण होता है। इनके बिना जीवन अधूरा है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। बात अगर इन मूलभूत तत्व या संसाधनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इनका अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये भी खतरे में पड़ गए हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था।

रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। जब मनुष्य प्रकृति एवं वन्यजीवों का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो प्रकृति भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा।

आवश्यक है-मानव स्वभाव का प्रकृति एवं वन्यजीवों के साथ तादात्म्य स्थापित हो। सहज रिश्ता कायम हो। जीवन शैली में बदलाव आये। हर क्षेत्र में संयम की सीमा बने। हमारे दिमागों में भी जो स्वार्थ एवं सुविधावाद का शैतान बैठा हुआ है, उस पर अंकुश लगे। सुख एवं सुविधावाद के प्रदूषण के अणु कितने विनाशकारी होते हैं, सहज ही विनाश का रूप ले रही प्रकृति एवं वन्यजीवों की विनाशलीला को देखकर कहा जा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर

प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## बिना प्रेस किए कपड़े पहनूंगा, बिजली बचाने के लिए ऊर्जा मंत्री का ऐलान



**भोपाल।** अपने अनोखे बयानों और अंदाज के लिए सुर्खियों में रहने वाले मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। इसका कारण है बिजली बचाने और प्रदूषण रोकने के लिए उनकी ओर से लिया गया संकल्प। ऊर्जा मंत्री ने प्रण लिया है कि वह एक साल तक बिना प्रेस किए कपड़े पहनेंगे। मंत्री का कहना है कि इससे हर दिन आधे यूनिट बिजली की बचत होगी। तोमर ने कहा कि वह अपनी बेटी की शादी के दिन भी बिना प्रेस किए ही कपड़े पहनेंगे। उन्होंनेक कहा, आने वाली पीढ़ी को पीठ पर सिलेंडर न लादने पड़ जाए, इसलिए यह निर्णय लिया। तोमर ने मीडिया से बातचीत में अपने फैसले को समझाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, हम सबको बिजली की बचत करनी चाहिए। जितनी जरूरत हो उतनी ही खपत करे। हम सबको छोटी-छोटी पहल करती रहनी चाहिए। बिजली के साथ-साथ प्रदूषण... एक वर्ष तक के लिए मैंने पहल की है। कांग्रेस अब इसे मंत्री की नौटंकी बता रही है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आरपी सिंह ने कहा कि ऊर्जा मंत्री हमेशा सुर्खियों में रहने के लिए नौटंकी करते हैं और अब यह नौटंकी वेब सीरीज का अगला पार्ट है। अगर मंत्री को बिजली बचाने की इतनी चिंता है तो उनके साथ जो 10-10 गाड़ियां चलती है और उसे वायु प्रदूषण होता है उन गाड़ियों को छोड़े और साइकिल से चलना शुरू कर दें।

## रीवा से इंदौर आ रही बस पर पथराव, सिर पर पत्थर लगने से इंदौर के यात्री की मौत

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के रीवा में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। रीवा से इंदौर आ रही बस पर सोमवार देर रात जमकर पथराव हुआ। बस की खिड़कियों के शीशे फूट गए। यह पथराव इंदौर के एक यात्री के लिए जानलेवा साबित हुआ। वह फिजियोथैरेपिस्ट था और रीवा में पदस्थ था। युवक अपने घर इंदौर आ रहा था, लेकिन घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में अन्य यात्रियों को भी पथराव के कारण चोटें आई हैं। पथराव करने वाले युवक बाइक पर सवार होकर आए थे, माना जा रहा है कि बस ऑपरेटरों के आपसी विवाद के चलते यह पथराव हुआ। पत्थर बस चला रहे ड्राइवर पर किए गए थे। ड्राइवर सीट के पीछे बैठे यात्री हीरामणि वर्मा पर सिर पर पत्थर के कारण गंभीर चोट आई। उनके सिर से खून बहने लगा। हीरामणि को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव इंदौर पहुंचाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक रीवा बस स्टेशन से रात को निकली बस में 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। बस चोरहटा बाईपास से आगे बढ़ी तो बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने बस के अगले हिस्से पर पथराव शुरू कर दिया। इसमें एक यात्री की मौत हो गई। अभी तक बस पर हमला करने वाले बदमाशों का सुराग नहीं मिला है।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने मंत्री परिषद की बैठक से पहले पुष्प गुच्छ भेंट कर आभार माना। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा मंत्री बागरी के निवेदन पर सतना अमरपाटन में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल डॉ कीर्ति पामो को एयर एंबुलेंस से एयरलिफ्ट कराकर तत्काल उनके शहर हैदराबाद के क्रिटिकल केयर न्यूरो एवं ट्रॉमा हॉस्पिटल में शिफ्ट कराने की व्यवस्था की गई थी।

## गायिका शहनाज अख्तर ने महाकाल मंदिर में भेंट किए 2 लाख रुपए, बोलीं- 'जो कुछ हूं, बाबा की कृपा से'

**उज्जैन।** योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर प्रबंध समिति को दो लाख एक हजार रुपये की राशि भेंट की। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से गायिका का सम्मान किया गया। दर्शन के उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुए शहनाज ने कहा कि वें और उनका परिवार बीते पांच सालों से लगातार भगवान महाकाल के दर्शन करने मंदिर आते हैं। इस दरबार ने उन्हें क्या कुछ नहीं दिया, आज वें जो भी हैं भगवान महाकाल की कृपा से हैं।इसी तरह, मध्य प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने नंदी मंडपम से भगवान महाकाल को शीश नवाया। मंदिर समिति की ओर से उप प्रशासक डिप्टी कलेक्टर सिम्मी यादव ने शाल व भगवान महाकाल की लड्डू प्रसादी भेंट कर सम्मानित किया। बता दें नीरज



मंडलोई पूर्व में उज्जैन कलेक्टर रह चुके हैं। रविवार को वे लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक लेने उज्जैन आए थे।

### महाकालेश्वर ध्वज चल समारोह निकलेगा

रंगपंचमी पर 19 मार्च को महाकालेश्वर ध्वज चल समारोह निकाला जाएगा। मंदिर के पुजारी, पुरोहित परिवार द्वारा आयोजन को लेकर भव्य तैयारी की जा रही है। बताया जाता है इस बार भी कार्यक्रम में लोक संस्कृति के रंग नजर आएंगे। सिंहपुरी, कार्तिकचौक व भागसीपुरा से भी गेर चल समारोह निकलेंगे। गेर शौर्य का प्रतीक है, इसमें ब्राह्मण समाजजन ध्वज, निशान के साथ शौर्य का प्रदर्शन करने हुए निकलते हैं। बैंड, बाजे, अखाड़े तथा धार्मिक पृष्ठभूमि पर बनाई गई विद्युत रोशनी से जगमग झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहती हैं।

## मप्र में 1400 किमी घूमेंगी 25 महिला बाइक राइडर्स क्वीन ऑन द व्हील्स में हैरिटेज स्पॉट पर जाएंगी

**भोपाल।** देशभर की 25 महिला राइडर्स 1400 किमी का बाइक से सफर करने के लिए मंगलवार को भोपाल से रवाना हुई। वे बाइक राइड करते हुए मध्यप्रदेश की हेरिटेज ट्रेल का प्रचार करेंगी। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के क्वीन ऑन द व्हील्स के दूसरे संस्करण की शुरुआत मंगलवार सुबह 9 बजे बोट क्लब स्थित होटल विंस एंड वेव्स से की गई। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक इलैया राजा टी. ने हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि टूरिज्म बोर्ड के





विभिन्न पर्यटन स्थल और होटल, रिसोर्ट, होम-स्टे, कैफे, आर्ट एंड क्राफ्ट महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। जिसका प्रचार-प्रसार उक्त महिला बाइक टूर के माध्यम से किया जाएगा। 10 मार्च तक प्रदेश के अलग-अलग पर्यटन स्थल पर महिला राइडर्स जाकर हेरिटेज ट्रेल का प्रचार करेंगी। समापन 10 मार्च को केरवा रिसोर्ट भोपाल में किया जाएगा।मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक इलैया राजा टी. ने राइड का शुभारंभ किया। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक इलैया राजा टी. ने राइड का शुभारंभ किया।

ये महिला राइडर्स 4 मार्च को सांची और चंदेरी जाएगी।5-6 मार्च को ग्वालियर। 7 मार्च को मितावली, पढ़ावली, दतिया और ओरछा। 8 मार्च को खजुराहो,9 मार्च को छतरपुर, सागर, सांची और उदयगिरि। 10 मार्च को भोजपुर, भीम बैठका होते हुए भोपाल आएंगी। इस टीम में मध्यप्रदेश की 7 और अन्य राज्यों से 18 महिलाएं प्रतिभागी हैं।

